**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1305**

**11 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड साइटें**

**1305. श्री माधवनेनी रघुनंदन रावः**
**श्रीमती स्मिता उदय वाघः**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार की मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने और महाराष्ट्र स्थित जलगांव लोक सभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र को वस्त्र उद्योगों के केन्द्र के रूप में विकसित करने की योजना है;

(ख) क्या सरकार की महाराष्ट्र में संभावित स्थलों सहित ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड टेक्सटाइल पार्कों में एक समान विकास मानक सुनिश्चित करने की कोई योजना है;

(ग) 18,500 करोड़ रुपए की निवेश संभावना के लिए हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों पर विचार करते हुए वस्त्र पार्कों में किस प्रकार के उद्योगों (कताई, बुनाई, वस्त्र आदि) की प्रमुखता रहने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार की जलगांव जैसे क्षेत्रों में कुशल कार्यबल की सहायता करने के लिए पार्कों के भीतर प्रशिक्षण संस्थान अथवा कौशल विकास केन्द्र स्थापित करने की योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो इन प्रशिक्षण पहलों का ब्यौरा क्या है और महाराष्ट्र सहित देश को लाभ पहुंचाने के लिए इन्हें किस प्रकार कार्यान्वित किया जाएगा?

**उत्तर**
**वस्त्र राज्य मंत्री**
**(श्री पबित्र मार्घेरिटा)**

**(क) से (ङ):** वस्त्र उद्योग की संपूर्ण मूल्य-श्रृंखला के लिए एकीकृत बड़े पैमाने पर और आधुनिक औद्योगिक अवसंरचना सुविधा विकसित करने के उद्देश्य से, सरकार ने वर्ष 2021-22 से वर्ष 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये की योजना परिव्यय के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। सरकार ने पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए अमरावती महाराष्ट्र सहित 7 साइटों को अंतिम रूप दिया है।

एकसमान विकास मानकों को सुनिश्चित करने के लिए पार्क में भूमि विकास पैटर्न के लिए निम्नलिखित मानदंड निर्धारित किए गए हैं:

(i) विनिर्माण क्षेत्र के लिए 50% क्षेत्र - स्पिनिंग से लेकर आरएमजी/एंकर और प्लग एंड प्ले सहित सहायक इकाइयों तक संपूर्ण मूल्य श्रृंखला की पूर्ति करता है,

(ii) सामान्य उपयोगिताओं और बुनियादी ढांचे के लिए 20% क्षेत्र - सड़कें, सीईटीपी, एसटीपी, डब्ल्यूटीपी, सब-स्टेशन, बॉयलर इकाइयां आदि।

(iii) सब्सिडी वाले आवास और संबंधित सामाजिक बुनियादी ढांचे जैसे स्कूल/अस्पताल आदि के लिए 10% क्षेत्र

(iv) होटल, प्रदर्शनी, सम्मेलन केंद्र, कार्यालय और संबंधित उपयोगों के लिए वाणिज्यिक उपयोग के लिए 10% क्षेत्र

(v) परीक्षण प्रयोगशालाएं, प्रशिक्षण केंद्र, अनुसंधान एवं विकास केंद्र, इनक्यूबेशन लैब, स्टार्ट अप, उत्कृष्टता केंद्र जैसी विशिष्ट और मूल्य वर्धित गतिविधियों के लिए 5% क्षेत्र

(vi) लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के लिए 5% क्षेत्र - मल्टी-मॉडल लिंकेज, निर्बाध परिवहन और भंडारण के लिए बॉन्डेड क्षेत्र

अब तक, पीएम मित्र पार्क योजना के तहत 18,500 करोड़ रुपये से अधिक अपेक्षित निवेश क्षमता वाले निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें पीएम मित्र पार्क अमरावती के लिए 1,370 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन शामिल हैं। ये निवेश प्रस्ताव वस्त्र मूल्य श्रृंखला के विभिन्न क्षेत्रों जैसे पॉलीस्टर, कॉटन स्पिनिंग यार्न, प्लास्टिक मास्टरबैच, कॉटन यार्न/डेनिम फैब्रिक, टेरी टॉवल, स्पिनिंग और यार्न आदि में फैले हुए हैं।

जलगांव में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना का कोई प्रस्ताव मंत्रालय में लंबित नहीं है।

मंत्रालय (समर्थ) - टेक्सटाइल क्षेत्र में क्षमता निर्माण के लिए योजना (एससीबीटीएस) को लागू कर रहा है, जिसका उद्देश्य संगठित टेक्सटाइल (कताई और बुनाई को छोड़कर) और संबंधित क्षेत्रों में रोजगार सृजन में उद्योग के प्रयासों को प्रोत्साहित और पूरक बनाने और पारंपरिक क्षेत्रों में कौशल और कौशल उन्नयन प्रदान करने के लिए मांग संचालित, प्लेसमेंट उन्मुख राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) अनुरूप कौशल कार्यक्रम प्रदान करना है। दिनांक 03.02.2025 तक, कुल 3,57,949 लाभार्थियों को प्रशिक्षित (उत्तीर्ण) किया गया है और 2,86,206 लाभार्थियों को "समर्थ" के अंतर्गत रखा गया है।

****